तापमान

अधिकतम 39.0 डिग्री

न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 7 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती



4 रामनवमीं पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा




## खबर संक्षेप

### समस्याओं के निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़ा आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिले में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए राजस्व पखवाड़े का आयोजन सोमवार 7 अप्रैल से किया जाएगा। जिले के विभिन्न ग्राम के पटवारी हल्का मुख्यालयों में राजस्व संबंधी समस्याओं के त्वरित निराकरण हेतु 7 से 21 अप्रैल तक राजस्व पखवाड़ा आयोजित किया जाएगा। राजस्व पखवाड़ा के दौरान ग्रामीणों को उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण हेतु संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहेंगे।

### आकांक्षा कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकेगा। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से भी संपर्क कर सकते है।

### मनरेगा के श्रमिकों को अब मिलेगी 261 रुपए मजदूरी

**जांजगीर-चांपा।** केंद्र सरकार ने 2025-26 के लिए महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत रोजगार करने वाले ग्रामीण मजदूरी की राशि का निर्धारण किया है। 1 अप्रैल से महात्मा गांधी नरेगा योजना से के मजदूरों को 261 रुपए मिलेंगे जो खाते में आएगी। अर्थात मजदूरी की राशि सीधे आधार लिंक के माध्यम से बैंक खाते में आएगी जिसे प्राप्त करने श्रमिकों को आसानी होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत गोकुल रावटे ने बताया कि श्रमिकों को वित्तीय वर्ष 2025- 26 में 243 की बजाय अब 261 रुपये मिलेंगे यह राशि वह ग्राहक सेवा केंद्र, बैंक में जाकर तत्काल प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही बैंक सखी के माध्यम से गांव में लगाए जाने वाले शिविर के माध्यम से भी ले सकेंगे। मनरेगा श्रमिकों की प्रतिदिवस बड़ी हुए मजदूरी दर के संबंध में सभी कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया गया है कि श्रमिकों को सूचना पटल, ग्राम सभा, मुनादी, रोजगार दिवस के माध्यम से इसकी जानकारी दी जाए। यह राशि श्रमिकों के बैंक खाते में आएगी। उल्लेखनीय है कि इसके पूर्व मनरेगा श्रमिकों को 243 रुपए मजदूरी मजदूरी मिलती थी।


## वंशानुगत बीमारी से बना रहता है जान का खतरा

# जिले में तीन साल के भीतर मिले सिकलसेल के 185 मरीज

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में तीन साल के भीतर सिकलसेल के 185 मरीज रोगी मिले है। वहीं 1 हजार 446 संवाहक मरीज है। सिकलसेल एक तरह से वंशानुगत बीमारी है, जो माता पिता से बच्चो में चला जाता है। फिर भी जिम्मेदार विभाग का अमला इस मामले को लेकर लोगो को जागरूक नही कर पा रहा है। यह एक तरह से गंभीर बीमारी है। जिसके चलते लोगो की जान तक चली जाती है।

गौरतलब है कि सिकलसेल एक अनुवांशिक बीमारी है। जो माता पिता से बच्चो में चली जाती है। इस गंभीर बीमारी के चलते संबंधित रोगी जीवन एवं मौत से जुझते रहते है। इस चक्कर में लोगों की जान तक चली जाति है। जिले में तीन साल के भीतर सिकलसेल के 185 मामले सामने आ चुके है। इसके अलावा 1 हजार 446 संवाहक मरीज है। तीन साल के भीतर सिकलसेल से प्रभावित मरीजो के आंकडो पर नजर डाली जाए तो नवागढ ब्लाक में सिकलसेल रोगी 11 एवं संवाहक मरीज 112 मिले है। इसी प्रकार बलौदा ब्लाक में सिकलसेल के 57 मरीज एवं 632 संवाहक प्रभावित पाए गए है। बम्हनीडीह ब्लाक में सिकलसेल के 12 एवं संवाहक के 206 मरीज पाए गए है। अकलतरा ब्लाक में सिकलसेल के 15 एवं 196 संवाहक मरीज मिले है। पामगढ में सिकलसेल के 21 एवं 58 संवाहक मरीज मिले है। इसके अलावा जांजगीर अर्बन मे सिकलसेल के 4 एवं संवाहक के 51 मरीज मिले है। जिला अस्पताल जांजगीर में तीन साल के भीतर 65 सिकलसेल प्रभावित एवं 191 संवाहक मरीज मिले है। सिकलसेल से प्रभावित मरीज दिन प्रतिदिन कमजोर होता रहता है। वही उसे हमेशा रक्त की जरूरत पडती रहती है। इस चक्कर में अगर उसे सही समय पर खुन नही मिल पाया तो उस परिस्थती में व्यक्ति की जान तक चली जाती है। इस बीमारी में शरीर में दर्द, थकान, फेफडो तक आक्सीजन नही पहुंच पाना, नसो मे खुन का दौरा कम हो जाना सहीत अन्य तरह के प्रमुख लक्षण है। बताया जा रहा है कि तीन साल के भीतर करीब 6 लाख 93 हजार 290 लोगो की जांच की गई थी। जिसमें से 185 लोग सिकलीन प्रभावित पाए गए है।



### सबसे अधिक बलौदा ब्लाक तो सबसे कम जांजगीर अर्बन में

जांजगीर-चांपा जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर तीन साल के भीतर 185 मरीज मिले है। इनमें सबसे अधिक बलौदा ब्लाक में 57 सिकलसेल मरीज एवं 632 संवाहक इसी प्रकार सबसे कम प्रभावित जांजगीर अर्बन का क्षेत्र शामिल है, जहां 4 सिकलीन प्रभावित तो वही 51 संवाहक मिले है। इधर देखा जाए तो जिम्मेदार स्वास्थ्य विभाग इस बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए समुचित कार्यवाही नही कर पा रहा है। जिसके चलते यह अनुवांशिक बीमारी माता पिता से बच्चो में तेजी से चला जाता है। सिकलीन बीमारी से प्रभावित युवक एवं युवतियों को शादी करने के पूर्व इस बात की समुचित जानकारी देकर इस तरह से प्रभावित लोगो के साथ विवाह करने से बचना चाहिए। अगर युवक एवं युवती दोनों सिकलीन प्रभावित होने पर विवाह कर सकते है। लेकिन इनमें से यदि एक भी सिकलीन से प्रभावित हो तो उस चक्कर में होने वाले बच्चो को प्रभावित होने के साथ जान का खतरा बना रहता है।

### करते हैं जागरूक

सिकलसेल एक तरह से अनुवांशिक बीमारी है, जो माता-पिता से बच्चों में चला जाता है। इस बीमारी में ज्यादातर खुन की कमी बनी रहती है। इस बीमारी से बचाव एवं उसके उपाय को लेकर लोगो को जागरूक किया जाता है।

-श्रीमती स्वाती वंदना सिसोदिया
सीएमएचओ, जांजगीर-चांपा

# जल स्त्रोत का पता नहीं, बना दी लाखों की पानी टंकी

## बहेराडीह में जल जीवन मिशन फ्लॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन बहेराडीह गांव में फ्लॉप हो गई है। लाखों की लागत से पानी टंकी और पाइप लाइन विस्तार का काम किया गया है, लेकिन टंकी तक ही पानी नहीं पहुंच पा रहा है। अब गांव में जगह जगह पानी का स्त्रोत खोजा जा रहा है। अब तक पीएचई विभाग ने पांच बोर का खनन कराया, लेकिन किसी भी बोर से एक बूंद पानी नहीं निकला। ऐसे में जल जीवन मिशन के तहत घर घर में दिया गया नल कनेक्शन कौड़ी काम का नहीं है।

बलौदा विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत जाटा के आश्रित ग्राम बहेराडीह में करीब चार साल पहले ही पीएचई विभाग के द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत जल प्रदाय योजना के तहत शासकीय प्राथमिक स्कूल परिसर में लाखों रुपए की लागत से पानी टंकी का निर्माण कार्य किया गया है। इतना ही नहीं गांव में प्रत्येक घरों में नल कनेक्शन और चबूतरों का निर्माण भी कराया गया है। इस गांव में जल स्त्रोत की स्थिति के बारे में संबंधित अधिकारियों ने कभी विचार ही नहीं किया और लाखों रुपए की लागत से पानी टंकी बनाकर पाइप बिछा दिए। ग्रामीणों का आरोप है कि यहाँ पर बिना पानी का स्त्रोत का पता लगाए गलत जगह पर पानी टंकी निर्माण कर दिया गया।



बेकाम पानी टंकी व पांचवीं बार कराया गया बोर भी फेल।

प्रत्येक घरों में नलजल कनेक्शन दिए जाने के नाम पर सरकार के पैसो की बर्बादी की गई। ऐसे जवाबदार विभाग के संबधित लोगों पर कार्यवाही होना चाहिए, जिन्होंने आम जनता के पैसे का नियम विरुद्ध गलत तरीके से बिना प्लान के खर्च किया है। ग्रामीणों ने बताया कि पीएचई विभाग के अधिकारी और ठेकेदार अब पानी के स्त्रोत का पता लगा रहे हैं और जगह जगह बोर खनन करके खुला छोड़ रहे हैं। विभाग के इस तरह की काम का विरोध करते हुए खुला बोर को तत्काल बंद करने की मांग पर अड़ गए, तब जाकर असफल बोर को बंद किया गया है।

### चार साल के भीतर पांच जगह खनन

टंकी में पानी भरने चार साल के भीतर पांच जगह पर बोर खनन कराया गया है, लेकिन सभी बोर फेल हैं। उप सरपंच जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि हाल ही में मार्च महीने के आखिरी सप्ताह में पीएचई विभाग ने पानी टंकी को भरने और नलजल कनेक्शन के माध्यम से घरों घर पानी प्रदाय करने के उद्देश्य से बोर खनन कराया। पांच सौ फीट गहराई खुदाई होने के बाद भी बोर से एक बूंद पानी नहीं निकला। इससे पहले भी चार साल के भीतर पांच बार खनन किया जा चुका है लेकिन सभी बोर असफल रहा।

## 67 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

हसौद पुलिस ने दो अलग-अलग गांव में छापेमारी कर दो महुआ शराब विक्रेता को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 67 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई है।

नशे के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने हसौद पुलिस द्वारा नवपदस्थ थाना प्रभारी अनवरअली के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में 6 अप्रैल को अवैध शराब के भंडारण और बिक्री की सूचना मिलने पर हसौद थाना प्रभारी अनवर अली के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम नगारीडीह और देवरघटा में दबिश दी। ग्राम नगारीडीह में रहने 38 वर्षीय वाले मनहरण महिलांगे के कब्जे से 27 लीटर और ग्राम देवरघटा निवासी 55 वर्षीय बलराम आजाद के पास से 40 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। दोनों स्थानों से कुल 67 लीटर अवैध शराब बरामद कर आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत कार्रवाई की गई। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। हसौद पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में अवैध शराब, गांजा और जुआ जैसे अपराधों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### कार्रवाई में बाधा डालने वालों के खिलाफ जुर्म दर्ज

देवरघटा में कुछ लोगों द्वारा पुलिस कार्यवाही में बाधा डालने का प्रयास भी किया गया। आरोपियों में से एक बलराम आजाद के पुत्र रूमेश आजाद और मुकेश आजाद ने पुलिस को सूचना देने वाले व्यक्ति पर संदेह व्यक्त करते हुए गाली-गलौज करते हुए हंगामा किया। इस मामले में दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 170 बी एन एस एस के अंतर्गत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई है।

## फिटनेस के लिए एसपी के साथ जवानों ने निकाली साइकिल रैली

**जांजगीर - चाम्पा।** फिट इंडिया मिशन के तहत फिटनेस का डोज आधा घंटा रोज की थीम पर रविवार 6 अप्रैल को पुलिस विभाग ने साइकिल रैली निकाली। पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला भी साइकिल रैली में शामिल हुए। रैली हाई स्कूल मैदान से शुरू हुई और नगर भ्रमण करते हुए हाई स्कूल मैदान पहुंच कर समाप्त हुई। स्वास्थ्य जागरूकता साइकिल रैली में जिला बल व नगर सेना के करीब 150 अधिकारी कर्मचारी सम्मिलित हुए। इस दौरान एसपी विवेक शुक्ला ने पुलिस जवानों को बेहतर स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए प्रतिदिन कम से कम आधा घंटा शारीरिक व्यायाम के लिए समय निकालने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने पसंद के हिसाब से पुलिस के जवान प्रतिदिन व्यायाम करें ताकि वे स्वस्थ्य और फिट रहे।

## लंबे समय से फरार तीन वारंटी गिरफ्तार

**जांजगीर - चाम्पा।** लंबे समय से फरार चल रहे तीन वारंटियों को जांजगीर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बिलासपुर जिले के जयराम थाना अंतर्गत ग्राम कौड़िया निवासी राजू देवांगन, जांजगीर थाना क्षेत्र के ग्राम जर्वे निवासी सुखराम यादव और तिलई निवासी मनोहर सूर्यवंशी को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर पकड़ा। तीनों वारंटियों को जांजगीर न्यायालय में वारंट तामिल कर पेश किया गया।

## बच्चों के आधार अपडेट नहीं, आंगनबाडी केन्द्रों में शुरू हो गया पोषण ट्रैकर एप

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

आंगनबाडी केन्द्रों में कई बच्चों का आधार कार्ड ही अपडेट नही हो सका है। वहीं दुसरी ओर केन्द्रों में पोषण ट्रैकर एप भी शुरू हो चुका है ताकि पूरी व्यवस्था आनलाइन के माध्यम से संचालित हो सके। इसके लिए हितग्राहियों के लाइव फोटो के साथ डाटा में एंट्री करना भी जरूरी है।

- **हितग्राहियो के लाइव फोटो के साथ डाटा में एंट्री जरूरी**

गौरतलब है कि आंगनबाड़ी केन्द्रों को डिजिटल बनाने के उदेश्य से पोषण ट्रैकर एप योजना शुरू की गई है ताकि गर्भवती महिलाओ के साथ आंगनबाडी केन्द्रों में पढ़ने लिखने वाले बच्चो की समुचित जानकारी एप के माध्यम से दी जा सके। इस तरह की व्यवस्था मंगलवार 1 अप्रैल से प्रारंभ कर दी गई है। जिले के 5 ब्लाक को मिलाकर करीब 1 हजार 3 सौ से अधिक आंगनबाडी केन्द्रों का संचालन किया जा रहा है, जहां पोषण ट्रैकर एप का संचालन शुरू किया गया है। इस एप के माध्यम से आंगनबाड़ी केन्द्रों की समुचित जानकारी एवं पूरी व्यवस्था आनलाइन सिस्टम के माध्यम से संचालित की जानी है, लेकिन 0 से 6 वर्ष तक के कई बच्चो का आधार कार्ड एप से अपडेट नहीं हो पाया है। जिसके चलते इसके संचालन मे परेशानी हो सकती है। पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से आंगनबाडी केन्द्रों में बच्चों को मीनू चार्ट के अनुसार मध्यान भोजन कराने का लाइव फोटो प्रत्येक दिन का, गर्भवती महिलाओ की आनलाइन एंट्री के साथ उन्हें पोषक तत्व देने की जानकारी एवं फोटो, इसी तरह किशोरियो को रेडी टु ईट वितरण करने की जानकारी पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से दी जानी है, लेकिन पूरी व्यवस्था अभी नही बन पाई है। कही जगह पर बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र नही है तो कही बच्चो का आधार कार्ड पोषण ट्रैकर एप से अपडेट नही हो सका है। ऐसे में पोषण ट्रैकर एप धरातल पर नजर तक नही आ रहा है।



### कर रहे मॉनिटरिंग

पोषण ट्रैकर एप के माध्यम से आंगनबाडी केन्द्रों की सतत निगरानी की जा रही है, जिन बच्चो का आधार अपडेट एवं आनलाइन एंट्री में दिक्कते आ रही है तो ऐसे केन्द्रों की जानकारी लेकर व्यवस्था बनाई जाएगी।

-श्रीमती अनिता अग्रवाल,
जिला परियोजना अधिकारी
महिला एवं बाल विकास

## स्थापना दिवस पर भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान

# समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा बनी सबसे बड़ी पार्टी : जांगड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

भारतीय जनता पार्टी जिला सक्ती द्वारा 6 अप्रैल को भाजपा का स्थापना दिवस मनाया गया। इस दौरान पार्टी कार्यालय में भाजपा का झंडा फहराया गया। साथ ही पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का श्रीफल एवं भगवा गमछा भेंटकर सम्मान किया गया।

भारतीय जनता पार्टी के 45 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के दौरान भाजपा के पदाधिकारियों ने जनसंघ से बीजेपी की स्थापना के दिनों को याद किया। साथ ही आज बीजेपी देश की सबसे बड़ी पार्टी के रूप में स्थापित होने तक की जानकारी दी गई। जांजगीर चाम्पा लोकसभा सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े ने कहा कि आज हम विश्व के सबसे बड़े पार्टी का सदस्य है, जिस पार्टी के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सहित हमारे बड़े बुजुर्गों अपना योगदान दिया। सांसद ने कहा कि किसी भी पार्टी की पहचान कार्यकर्ताओ से ही होती है। समर्पित कार्यकर्ताओं के दम पर ही भाजपा सबसे बड़ी पार्टी बनी है। भाजपा जिला अध्यक्ष टिकेश्वर गबेल ने कहा जिस प्रकार से भाजपा कार्यकर्ताओं ने लोकसभा जिला पंचायत जनपद पंचायत के चुनाव में अपना योगदान दिया, जिसके कारण भाजपा समर्थित जनप्रतिनिधि जीतकर आए। सभी इसी तरह कंधे से कंधा मिलाकर चले ताकि आने वाले विधानसभा चुनाव में जिले की तीनों सीट पर भाजपा को जीत मिले। कार्यक्रम को जिला उपाध्यक्ष संजय रामचंद्र, पूर्व मंत्री मेधा राम साहू, किसान नेता प्रीतम सिंह गबेल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रामावतार अग्रवाल श्रीमती विद्या सिदार ने भी संबोधित किया। सारगर्भित उद्बोधन में अतिथि वक्ताओ ने भाजपा की विचार धारा पर प्रकाश डाला। इस मौके पर पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता गुलाब खेतान, अयोध्या प्रसाद देवांगन, रामावतार अग्रवाल, प्रीतम सिंह गबेल, मेघाराम साहू का श्रीफल एवं भगवा गमछा भेंटकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नेतराम चंद्रा ने और आभार प्रदर्शन कमल पटेल ने किया। इस अवसर पर चेतन महंत, कवि शरण वर्मा, श्रीमती रूपा सिंह देव, श्रीमती अमरौतिन बाई, अनूप अग्रवाल, प्रेम पटेल, रामनरेश यादव, कृष्ण कुमार चंद्रा, रंजन सिन्हा, धनंजय नामदेव, मनोज सिसोदिया, जगत शर्मा, अभिषेक शर्मा, चिराग अग्रवाल, विनोद कुमार पांडे, धरम रात्रे, लाखन नामदेव, रोशन राठौर, रामावतार साहू, परमेश्वर साहू, आदित्य अग्रवाल सहित भाजपा सक्ती जिला एवं मंडल के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में मौजूद रहे।



वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का सम्मान करते सांसद व भाजपा पदाधिकारी।




# LCIT PUBLIC SCHOOL
## NURSERY TO XII
Affiliated to CBSE

Near High Court, Raipur Road, Bilaspur (C.G.)

9516606123



**ADMISSIONS OPEN**

- Artificial Intelligence (AI) for Classes VI onwards
- Subjects for Class XI

HUMANITIES · COMMERCE · BIOLOGY · MATHEMATICS

## LCIT Blooming Buds
**Play Group To Class - III**

**TRANSPORT FACILITY AVAILABLE**

**NO ADMISSION FEES**
- Air Cooled Classrooms
- Transport Facility
- Separate Hostels for Girls & Boys

Vaishali Nagar, Phase - II, Srikant Verma Marg, Bilaspur (C.G.) 495001

9516167123



ALL SPORTS & GAMES



SEPARATE HOSTELS FOR GIRLS & BOYS



TRANSPORT FACILITY



AIR COOLED CLASSROOMS

lcitps.edu.in · lcitpublicschool · LCIT PUBLIC SCHOOL

खबर संक्षेप

## जल संरक्षण एवं संवर्धन की दिलाई गई शपथ



**जांजगीर-चांपा।** जिले के नवागढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटिया में जल जीवन मिशन के तहत महिला जन जल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा जल संरक्षण एवं संवर्धन, जल प्रबंधन, पानी का सदुपयोग करने व दुरुपयोग रोकने, पानी का उपयोग करने की जानकारी देते हुए जल संरक्षण एवं संवर्धन की शपथ दिलाई गई। इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य, जल गुणवत्ता व पानी का सदुपयोग करने एवं पानी का महत्व व जल संकट के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान जल स्त्रोतों के समीप सोख्ता गड्ढा बनवाने का उल्लेखनीय कार्य करने एवं जल गुणवत्ता का कार्य करने वाली जल बहिनियों, बिहान की सक्रिय महिलाओ एवं ग्राम की जागरूक महिलाओं का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती राधाबाई लहरे, मनोज कुमार यादव, कार्यपालन अभियंता पी एस सुमन, परियोजना समन्वयक आई ई सी शिव नारायण त्रिपाठी, एनआरएलएम की पी आर पी सुश्री भारती ध्रुव, आई एस ए संगम सेवा समिति के दिनेश पटेल, दुर्गा साहू तथा संध्या कत्लम, अर्चना केसी, ज्योति साण्डे, संतोषी पुरेना, बृहस्पति दिवाकर, सुनीता साण्डे, रागिनी केसी, दीपमाला सहित सक्रिय महिला समूह की सदस्यों सहित बडी संख्या में ग्राम की महिलाएं उपस्थित थी।

## प्रतिबिंब ओम शक्ति बोध संस्थान में मनाया गया नवरात्र




**गोधना।** प्रतिबिंब ओम शक्ति बोध संस्थान, गोधना के अनुयायियों द्वारा नवरात्रि पर्व को श्रद्धा एवं भक्ति भाव से मनाया गया। संस्थान परिसर में विशेष पूजा-अर्चना, हरिद्रा लेपन तथा देवी के प्रति समर्पण भाव के साथ विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के गुरु मिथलेश साहू ने उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रतिबिंब और शक्ति के गूढ़ अर्थ को समझाया। उन्होंने कहा कि मनुष्य में जो आंतरिक ऊर्जा है वही शक्ति का प्रतिबिंब है। जब हम अपने भीतर की चेतना को जाग्रत करते हैं, तब हम देवी की शक्ति से साक्षात्कार करते हैं। उन्होंने नवरात्रि के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आत्मशुद्धि, संयम और सेवा भाव को नवरात्रि की सच्ची उपासना बताया।

## दुर्गा अष्टमी पर हरिद्रा लेपन ग्राम भ्रमण का आयोजन



**गोधना।** दुर्गा महाष्टमी के अवसर पर गोधना स्थित नवनिर्मित चंडी मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं द्वारा पारंपरिक हरिद्रा लेपन अनुष्ठान का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर देवी मां की प्रतिमा पर विधिवत हल्दी का लेपन कर भक्तों ने मां दुर्गा से सुख-समृद्धि की कामना की। अनुष्ठान के पश्चात ग्राम भ्रमण का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु और ग्रामीणजन शामिल हुए। जयकारों और भक्ति गीतों के साथ पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में रंग गया।

## नगर पंचायत राहौद के प्रहलाद विधायक प्रतिनिधि नियुक्त



**राहौद।** पामगढ़ विधायक शेषराज हरवंश ने नगर पंचायत राहौद में विधायक प्रतिनिधि की नियुक्ति की है। विधायक पामगढ़ ने नगर पंचायत के कांग्रेस नेता प्रहलाद देवांगन को विधायक प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया है। श्री देवांगन नपं राहौद में आयोजित होने वाले बैठकों एवं अन्य आयोजन में शामिल होंगे।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स
बवासीर
भगंदर
पथरी
(बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

हवन-यज्ञ एवं जवारा विसर्जन के साथ नवरात्र पर्व का हुआ समापन

# आदि शक्ति मां शिरिष पाठ मंदिर में दर्शन करने उमड़ा भक्तों का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगाकोहरौद

चैत्र नवरात्रि की प्रथम तिथि से नवमी तिथि तक डोंगाकोहरौद भक्ति और आस्था के रंग में रंगा रहा। मां शिरीष पाठ मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिला, जहां माँ शिरिष पाठ देवी दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए भक्त घंटों कतार में खड़े नजर आए। सप्तमी अष्टमी तिथि के अवसर पर मां शिरीष पाठ मन्दिर मे मंनत लोट् मारते आने वाले श्रद्धालु लोट् मार कर आये, मंदिर प्रांगण में हवन-यज्ञ, पूजन और भक्तिरस से ओतप्रोत माहौल बना रहा।

चैत्र नवरात्रि के पर्व पर अष्टमी तिथि को डोंगाकोहरौद डोंगिया खार में विराजित शिरीष पाठ दाई दर्शन के लिए पहुंची पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश ने देवी दर्शन को अत्यंत पुण्यदायक बताया और माता शिरीष पाठ दाई से अपने विधान सभा क्षेत्र वासियों के लिए स्वास्थ्य, समृद्धि व सफलता की कामना की। इस अवसर पर ग्राम पंचायत डोंगाकोहरौद सरपंच प्रतिनिधि दुकालु भास्कर, उपसरपंच रथराम पटेल, शनिचराम कश्यप, रवि पटेल, मन्दिर समिति से राधेश्याम कश्यप, हरीलाल धीवर, ग्राम वासियों में घनश्याम प्रसाद साहू रामलाल धीवर, होरीलाल कश्यप गणेशराम धीवर एवं अन्य ग्रामीणों के साथ डोंगाकोहरौद की पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ, रोड की समस्या चर्चा किया। इस दौरान पेयजल, शिरीष पाठ रोड रिपेयर एवं सी. सी. रोड बनवाने आश्वासन दिया। ब्रह्म मुहूर्त से ही दर्शन की शुरुआत हो हो रही थी। जवारा विसर्जन के लिए भीड़ को नियंत्रित करने के लिए सुरक्षा समिति बनाई गई थी और पेयजल व स्वयंसेवकों की सेवाएं उपलब्ध कराई गई थीं ताकि किसी को कोई भी असुविधा न हो मंदिर की प्रबंध समिति देवकुमार पांडेय ने बताया कि सुबह से ही भक्तों का आना जारी है। माता की कृपा से सब कुछ शांतिपूर्ण ढंग से हुआ है। अष्टमी तिथि देवी की आराधना के लिए विशेष मानी जाती है और भक्त बड़ी श्रद्धा से पूजा-अर्चना हुआ। डोंगाकोहरौद के अन्य प्रमुख मंदिरों में मां माहामाया मन्दिर भी भक्तों का उत्साह देखते ही बनता था। हर ओर भक्ति के गीत, मंत्रोच्चार और माता रानी के जयकारों से माहौल गूंज रहा था।







विराजी मां शिरिषपाठ देवी एवं जवारा विसर्जन को जाते श्रद्धालु।

# सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम को रजत पदक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा





तीसरी फास्ट फाइव सीनियर नेशनल नेटबॉल प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ की पुरुष टीम को रजत पदक मिला है। 30 मार्च से 2 अप्रैल तक आयोजित तीसरी राष्ट्रीय सीनियर फास्ट फाइव प्रतियोगिता चंडीगढ़ के पंजाब यूनिवर्सिटी में आयोजित की गई थी।

इस प्रतियोगिता में अपने पहले मैच में झारखंड की टीम को 34-12 से हराया। दूसरे मैच में राजस्थान के हाथों हार झेलनी पड़ी 41-24 एवं पूल में दूसरे नंबर पर आकर प्रीक्वार्टर फाइनल का मुकाबला तेलंगाना से खेलने पड़ा। एक रोमांचक मुकाबले में छत्तीसगढ़ की टीम ने एक पॉइंट 31-30 यह मुकाबला अपने नाम किया एवं क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का मैच महाराष्ट्र से हुआ, जिसमें एक तरफा मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम ने महाराष्ट्र को 27-15 से मैच हराया एवं सेमीफाइनल में प्रवेश किया छत्तीसगढ़ टीम का सेमीफाइनल मुकाबले चंडीगढ़ की टीम से हुआ। होस्ट टीम से मुकाबला काफी रोमांचित रहा। इस रोमांचक मैच में छत्तीसगढ़ टीम ने 37-22 से मेजबान चंडीगढ़ की टीम को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। सेमीफाइनल मैच में छत्तीसगढ़ के सीनियर खिलाड़ियों ने अपने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को जीत दिलाई जिसमें कप्तान इमरान खान, एस मोहन राव, निलेश शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, मनोज साहू इन खिलाड़ियों का इस मैच में काफी शानदार प्रदर्शन के चलते टीम फाइनल में प्रवेश किया। पूरी प्रतियोगिता में सभी सीनियर खिलाड़ियों का एक्सपीरियंस टीम को जिताने में काफी मददगार सबित हुई। छत्तीसगढ़ टीम का फाइनल मुकाबला पिछले वर्ष की विजेता टीम हरियाणा से हुई हरियाणा के टीम ने शुरू से ही इस मैच में अपना पकड़ बनाए रखा एवं फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ के टीम को 42-38 से हराया। छत्तीसगढ़ टीम ने फाइनल मैच काफी अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन यह मैच नहीं बचा पाए और दूसरे स्थान से ही उनको संतुष्ट होना पड़ा। इस जीत पर नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा ने सभी खिलाड़ियों को बधाई दी। नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर ने बताया कि खिलाड़ियों ने इस प्रतियोगिता के लिए काफी मेहनत की थी। चयनित खिलाड़ियों के लिए 24 से 27 मार्च तक जांजगीर में कैंप लगाया गया। कैंप के बाद पुरुष वर्ग में छत्तीसगढ़ टीम का गठन किया गया था। इन खिलाड़ियों को चुनने के लिए नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ की अध्यक्ष मीना केरकेट्टा द्वारा सिलेक्शन कमिटी बनाई गई थी जिन्होंने एक मजबूत छत्तीसगढ़ टीम का गठन किया और वह रजत पदक लेकर वापस लौटी। चयन समिति के चेयरमैन राजेश प्रताप सिंह थे, जबकि नेटबॉल स्पोर्ट्स एसोसिएशन छत्तीसगढ़ के महासचिव राजेश राठौर को चयन समिति का संयोजक बनाया गया। छत्तीसगढ़ टीम के पुरुष खिलाड़ी में इमरान खान, एसमोहन राव, मनोज साहू, नीलेश शर्मा, प्रकाश विश्वकर्मा, वेश धीवर, सुनील, रोशन, प्रियांशु राकेश, दिनेश कुमार शामिल रहे। टीम में छत्तीसगढ़ राज्य के विभिन्न जिलों के खिलाड़ी शामिल थे।

## लीनेस क्लब ने कन्या भोज का किया आयोजन



**सक्ती।** नवरात्रि में लीनेस क्लब सक्ती द्वारा नेवता भोज एवं कन्या भोज का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लीनेस क्लब की डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन श्रीमती मीरा देवांगन ने अपने विषय शिक्षा पर मसानिया खुर्द के विधालय में नवरात्रि के प्रत्येक दिनों में नेवता भोज का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न व्यंजनो ,सब्जियो ,फलों का वितरण एवं सभी बच्चों के लिए उपहार में पानी का बोतल एवं अन्य सामग्री प्रदान किया गया एवं अंतिम दिवस में कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लीनेस क्लब के अध्यक्ष अलका कंवर ,कोषाध्यक्ष श्रीमती पूनम साहू, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती विजय जायसवाल , डिस्ट्रिक्ट प्रशासनिक सह सचिव अनीता सिंह एवं क्लब के चेयरपर्सन श्रीमती रीता राज ,कालेश्वरी साहू एवं ललित साहू उपस्थित रहे। सभी सदस्यों ने मिलकर कन्या पूजन ,कन्या भोजन के साथ बच्चों को विभिन्न प्रकार के उपहार दिए गए।

## भागवत महापुराण में श्रीकृष्ण, रूखमणी विवाह की झांकी, श्रद्धालु हुए भाव विभोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पंडित पं.कृष्णा तिवारी।

ग्राम पंचायत सोनियापाठ के सोनियापठहीन दाई मंदिर परिसर में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा के सातवें दिवस पर भक्तों को महारास लीला, उद्धव प्रसंग और रूखमणी विवाह की प्रेरणादायक कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ।

कथा वाचक पंडित कृष्णा तिवारी (तागा वाले) ने भक्तों को भगवान श्रीकृष्ण और देवी रूखमणी के विवाह प्रसंग का महत्व समझाया और उन्हें आध्यात्मिक जीवन में प्रेम, भक्ति और समर्पण का संदेश दिया। इस पावन अवसर पर श्रीकृष्ण और रूखमणी की भव्य झांकी निकाली गई, जिसे देखकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे। विवाह उत्सव की तरह आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों और श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विवाह मंडप में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विवाह संपन्न हुआ। भक्तों ने पचहर (अक्षत, फल-फूल, नारियल आदि) अर्पित कर इस मांगलिक कार्यक्रम में अपनी सहभागिता दर्ज कराई। विवाह की रस्मों को सजीव रूप देने के लिए कन्यादान की भी परंपरा निभाई गई, जिससे आयोजन और अधिक भव्य एवं श्रद्धापूर्ण बन गया। इस धार्मिक आयोजन के दौरान कथा के प्रत्येक दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। उन्होंने कथा के माध्यम से धर्म, भक्ति और सदाचार की सीख ली। ग्रामवासियों ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से सामाजिक समरसता और धार्मिक आस्था को बल मिलता है

# गुहा निषाद राज की जयंती पर केंवट समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

महाराजा गुहा निषादराज केवट निषाद समाज के आराध्य है। जयंती के अवसर पर सर्व प्रथम भगवान श्री राम जानकी एवं गुहा निषादराज की छाया चित्र में धूप दीप

- **शिवरीनारायण और अमोदी में उत्साह के साथ मनाई गई गुहा निषादराज की जयंती**

नैवेद्य अर्पण कर पूजा अर्चना किया।

सभी ने आरती में भाग लिया। इसके बाद अमोदी से शिवरीनारायण रथयात्रा बाइक रैली निकाली गई। वही ग्राम अमोदी में भी भव्य शोभायात्रा निकाला गया। समाज के अनेक लोग शामिल हुए। मंचीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बिलाईगढ़ विधायक कविता प्राण लहरें पहुंची। उन्होंने समाज की मांग पर मंच और बाउंड्रीवाल के लिए 5 लाख देने की घोषणा की। इससे पूर्व श्री गुहा निषादराज जयंती के उपलक्ष्य में अमोदी से शिवरीनारायण से रथयात्रा निकाला गया जिसमें स्पेशल डीजे ,में धार्मिक गीत के साथ सुसज्जित रथ में केवट निषाद समाज के आराध्य गुहा निषादराज का छाया चित्र को रथ में विराजित कर बाइक रैली निकाला गया जो अमोदी, धमलपुर, हसुवा,बरपाली , गिधौरी, शबरी सेतु मार्ग से शिवरीनारायण केवट मंदिर पहुंचा, जहां भक्तिभाव पूर्वक पूजा अर्चना कर जयकारा लगाया गया। इसके बाद सभी को प्रसाद वितरण किया गया। अमोदी में 2 अप्रैल को महाराज गुहा निषादराज जयंती वीरांगना बिलासा देवी केंवट स्मृति एवं सामाजिक प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन सामाजिक भवन में किया गया। मंचासीन सभी अतिथियों का स्वागत शाल श्री फल से किया गया। समाज के होनहार छात्र छात्रा, खेल प्रतिभा एवं दसवीं बारहवीं बोर्ड में टापर स्थान बनाने वाले विद्यार्थी को मोमेंटो प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। वही क्षेत्रीय समाजसेवी पदाधिकारी पंच सबका सम्मान किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय अध्यक्ष मनीराम कैवर्त्य ने की। विशिष्ट अतिथि देव प्रसाद गोलू कैवर्त्य सरपंच गिधौरी, ओम कुमार कैवर्त्य सरपंच कोट, वनांचल कांग्रेस अध्यक्ष युधिष्ठर नायक राजमहंत पी के घृतलहरे वरिष्ठ कांग्रेसी नेता सतीश साहू,सेवा निर्वित शिक्षक गंगा राम कैवर्त्य सहित अनेक विशिष्ट अतिथि मंचासिन थे। कार्यक्रम का संचालन व्याख्याता गोपाल कैवर्त्य तथा आभार प्रदर्शन मनीराम कैवर्त्य ने किया।



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं समाज के लोग।

# कर्मचारियों के हितों एवं क्षेत्रवासियों की मूलभूत सुविधाओं का रखें ख्याल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

छत्तीसगढ़ पावर मजदूर संघ (एचएमएस) यूनियन ने कर्मचारियों का बैठक कर कर्मचारियों को संगठित रहने का अपील किया। संघ के द्वारा सड़क पारा नरियरा स्थित संघ कार्यालय में बैठक किया गया, तत्पश्चात कारखाना के मेन गेट के सामने में महत्वपूर्ण गेट मीटिंग हुआ। के एस के महानदी पावर कम्पनी अब जे एस डब्ल्यू एनर्जी के अधीन हो गया है, इसलिए कारखाना के नियम कानून और पालिसी बदलने की संभावना प्रबल है।

एचएमएस यूनियन के कार्यवाहक अध्यक्ष शेरसिंह रॉय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमे पूर्व की भांति संगठित रहने की आवश्यकता है, और यूनियन में अधिक से अधिक कर्मचारियों को जोड़ कर संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए अपील किया गया, संगठन सचिव मूलचंद नोरगे ने कहा कि अभी प्रबंधन से शुरुआती चर्चा प्रारंभ हुआ आगे अभी निरन्तर बैठक होगा, हमारा पूरा प्रयास रहेगा की कारखाना में शांति का माहौल बना रहे और सब कुछ आपसी समझौते से सम्पन्न हो जाये। एचएमएस यूनियन के महामंत्री बलराम गोस्वामी ने कहा कि हम नई कंपनी जे एस डब्ल्यू का स्वागत करते है, हम नए प्रबंधन को पूरा सहयोग करेंगे, कर्मचारी हितों को ध्यान में रखते हुए कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को पारदर्शी रूप से प्रबंधन के समक्ष प्रस्तुत करेंगे और हमारा प्रयास रहेगा कि कर्मचारियों का अधिक से अधिक हित हो, हम चाहते है हमारा क्षेत्र बुनियादी सुविधाओं के अभाव में नया रहे, स्कूल अस्पताल बिजली पानी सड़क जैसी सुविधाओं से 15 वर्षो से पूरा क्षेत्र वंचित है ये सुविधाएं हमे जल्द ही मिले इस विषय पर हम अपने संघ के माध्यम से प्रयास करेंगे, इसी सम्बन्ध में हमारे संगठन के द्वारा लगातार रणनीतिक बैठके आयोजित किया जा रहा है, हमारा संगठन नवीन प्रबंधन को आश्वस्त करता है कि हम उनके साथ है कारखाना के विकास के बिना हमारा विकास संभव नही है हम भी कारखाना के विकास में अपनी पूरी भागीदारी निभाएंगे।



उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते एचएमएस यूनियन के पदाधिकारी।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध

डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO

जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO

जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का समूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज़ हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## खबर संक्षेप

### भजन-कीर्तन के साथ हुआ ज्वारा विसर्जन



**तुस्मा।** ग्राम तुस्मा की महामाया मंदिर से भजन कीर्तन के साथ ज्वारा विसर्जन निकली। बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित हुए। बता दे कि नव दिनों तक विधि विधान से पूजा अर्चना करने के पश्चात बाजा गाजे के साथ ज्वारा विसर्जन करने ग्राम के देवतहा तालाब डोंगिया तालाब के लिए निकली। ग्राम की महिलाएं भी माता की जयकारा करते हुए देवतहा तालाब पहुंच कर ज्वारा का विसर्जन कर माता से आशीवार्द प्राप्त किया।

### गांव के बेटियों की शादी में सरपंच दे रही 21 सौ रुपए



**मालखरौदा।** जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत चरौदी के नवनिर्वाचित सरपंच श्रीमती चमेली शंकर साहू द्वारा अपने चुनावी वादे किया था जिसमें ग्राम पंचायत चरौदी के किसी भी परिवार की बेटियों की शादी होती है तो अपने तरफ से सहयोग के रूप में 2100 रुपए देने का वादा किया था जिस पर आज अमल करते हुए ग्राम के ही बरत पदुम नाथ यादव , और नंदराम पारधी की पुत्री की शादी में शामिल होकर दोनों परिवार की बेटियों को 2100 ,2100 सौ रुपए का सहयोग दिया और उन्हें शुभकामनाएं दी।

### मां चंद्रहासिनी मंदिर न्यास में सुजीत न्यासी के रूप में नियुक्त

**डभरा।** गोपाल जी महाप्रभु एवं श्री चन्द्रहासिनी मंदिर न्यास, मां चंद्रहासिनी मंदिर में नवरात्रि पर्व के पावन प्रथम दिवस 30 मार्च को आयोजित न्यास की



बैठक में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। इस अवसर पर सुजीत पाण्डेय को न्यासी के रूप में नियुक्त किया गया है। सिद्ध शक्ति पीठ मां चंद्रहासिनी मंदिर में उनकी यह नियुक्ति एक बड़ी जिम्मेदारी के रूप में देखी जा रही है। यह नियुक्ति सुजीत पाण्डेय के प्रति न्यास के विश्वास और सम्मान का प्रतीक है। मंदिर न्यास के सदस्यों और श्रद्धालुओं को उम्मीद है कि वे इस भूमिका में पूर्ण समर्पण के साथ मंदिर के उद्देश्यों को आगे बढ़ाने में अपना योगदान देंगे।

### सक्ती नगर मंडल अध्यक्ष बने अभिषेक

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के प्रदेश



अध्यक्ष किरणसिंह देव के निर्देशानुसार भाजपा जिलाध्यक्ष टिकेश्वर गबेल के द्वारा सक्ती नगर मडंल अध्यक्ष पद पर अभिषेक शर्मा की घोषणा की गई है। उन्होंने नवनियुक्त सभी मंडल अध्यक्ष को संगठन को निरन्तर गति प्रदान करते हुए भाजपा की रीति नीति को जन जन तक पहुंचाने का कार्य करने कहा है।

### इंटरनेशनल इनफॉर्मेटिक्स ओलंपियाड में नीलभ ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**चांपा।** सीबीएसई पाठ्यक्रम द्वारा संचालित चंद्रावली देवी झाझडिया मेमोरियल इंग्लिश मीडियम हसदेव पब्लिक स्कूल लछनपुर चाम्पा में दिसम्बर 2024 को इंटरनेशनल इनफॉर्मेटिक्स ओलंपियाड आयोजित किया गया था, जिसमें कक्षा चौथी के नीलभ दास ने कक्षा में प्रथम स्थान, छत्तीसगढ़ में तृतीय स्थान, ईस्ट जोनल में 45 वां रैंक के साथ कांस्य पदक एवं प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर गौरवान्वित किया है। इस सफलता के लिए विद्यालय प्रबंधन, विद्यालय प्राचार्य महोदय, एकेडमिक कोऑर्डिनेटर एविद्यालय प्रबंधक, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं स्टाफ ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### अंबेडकर प्रतिमा खंडित करने वाले दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग



**तनौद।** ग्राम पंचायत भुईगांव में स्थापित डॉ. बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के मूर्ति को अज्ञात उपद्रवी व्यक्तिओं द्वारा खंडित कर दिया गया है, जिसका रिपोर्ट थाना पामगढ़ में दर्ज कराई गई है। लोगों ने पुलिस प्रशासन से तत्काल इस दिशा में पहल करते हुए दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

---

जगह-जगह हुआ स्वागत, जीवंत व आकर्षक झांकियां रही आकर्षण का केन्द्र

# रामनवमीं पर धूमधाम से निकली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

श्रीराम नवमीं के पावन पर्व पर रविवार 6 अप्रैल को स्थानीय श्रीराम नवमीं महोत्सव आयोजन समिति के तत्वाधान में नगर में धूमधाम से बाजे-गाजे के साथ प्रभु श्रीराम जी की भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गयी। शोभायात्रा में शामिल राम भक्तों का मार्ग में अनेक जगहों पर भव्य स्वागत किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ रविवार को अपरान्ह 5.30 बजे रेलवे स्टेशन के सामने टैक्सी स्टेण्ड स्थित पलटन बाबा के हनुमान मंदिर में बजरंगबली की पूजा-अर्चना कर प्रसाद वितरण के साथ हुआ। शोभायात्रा के साथ अनेक आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केन्द्र रही जिनमें बाहुबली बजरंगबली, रौद्र रुप में भोले नाथ, श्री श्याम बाबा, नौ मुख वाली मां काली, श्रीराम दरबार सहित राम लला की जीवंत झांकी शामिल है। बाहर से आये कर्मा नर्तक दल सहित बाजे - गाजे के साथ निकाली गयी शोभायात्रा बरपाली चौक, लायंस चौक, थाना चौक, डाकघर, सुभाष चौक, राधा कृष्ण मंदिर चौक, सदर बाजार, कदंब चौक, चैपाटी होते हुए कार्यक्रम स्थल परशुराम चौक स्थित हनुमान मंदिर पहुंची। यहां भव्य आतिशबाजी एवं विप्रजनों द्वारा प्रभु श्रीराम जी की महाआरती संपन्न कराकर उपस्थितों में प्रसाद वितरण कर शोभा यात्रा का समापन किया गया। शोभायात्रा के मार्ग में अनेक जगहों पर विभिन्न समाजसेवी, स्वयंसेवी तथा सामाजिक संगठनों द्वारा राम भक्तों का स्वागत शर्बत, लीची जूस, कोल्ड ड्रिंक्स तथा आईस क्रीम आदि से किया गया। शोभायात्रा के पूरे मार्ग को भगवा रंग के तोरण, झण्डों आदि से सजाया गया था। इससे पूरा नगर भगवामय हो गया । इसके अतिरिक्त शहर के प्रमुख चौक-चौराहों में आकर्षक लाइटिंग भी की गयी। इसके चलते समूची नगरी पूरी तरह से राममय नजर आ रही थी। शोभायात्रा में हजारों की संख्या में पुरुष, महिलाएं तथा बच्चे शामिल हुए ।



शोभायात्रा में शामिल रामभक्त।

### विवेकानंद उद्यान में रामलला का मनाया गया जन्मोत्सव



चांपा। स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप ने सुबह मॉर्निंग वॉक करने वालो ने भी प्रभु श्रीराम लला का पूजा अर्चना दीपदान कर जन्म दिवस उत्साह से मनाया गया। कार्यक्रम शुभारंभ पुरूषोत्तम शर्मा, कृष्णकुमार देवांगन व राजेन्द्र जायसवाल शिक्षक, रूपनारायण यादव व्दारा प्रभु श्री रामलला प्रतिमा पर फुलमाला दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। ततपश्चत उद्यान में उपस्थित सभी दीपदान किए उसके पश्चात आरती फिर प्रसाद वितरण किया गया। श्री रामलला के कार्यक्रम सफल बनाने में स्वामी विवेकानंद उद्यान ग्रुप के प्रमुख राजेन्द्र जायसवाल,हरि प्रसाद विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार देवांगन, रूपनारायण यादव, बहादुर देवांगन ,शिवराज जायसवाल ताड़ी वाला , रामकिशन देवांगन,लक्ष्मी चन्द देवांगन, बसंत महंत, एस के सिगं,विरेंद्र देवांगन, राजेश देवांगन,गार्डन के सेवक सुनील पटेल जी, श्रीमती कामिनी जायसवाल ,श्रीमती पुष्पा देवांगन श्रीमती शांति देवांगन, श्रीमती द्रौपदी देवांगन, श्रीमती संगीता देवांगन ,मुन्नी देवांगन, गायत्री देवांगन, आशा देवांगन, हेमा देवांगन, शारदा राजपूत , शीतल देवांगन, अनुसुइया देवांगन श्रीमती गौरी देवांगन,चन्द्रा साहू, भानू विश्वकर्मा,पूरन सिहं राजपूत, नरेन्द्र सिंह, अनिल देवांगन, दयाराम थवाईत, कल्लू विश्वकर्मा, शिव हंसराज, संजय महाराज उपस्थित थे। अंत में राष्ट्रगान प्रति दिन की तरह सभी मिल कर किया गया ।

### रामनवमीं पर महामाया मंदिर में भंडारा प्रसाद का आयोजन

**अकलतरा।** चैत्र नवरात्रि के अंतिम दिवस रामनवमी के अवसर पर नगर के सिद्ध महामाया मंदिर , मठ मंदिर पुरानी बस्ती सहित अन्य स्थानों पर भंडारा प्रसाद का आयोजन किया गया। राम नवमी के अवसर पर महामाया मंदिर में भंडारा प्रसाद का वितरण किया गया। मॉर्निंग वॉक कमेटी के सदस्य विकास केडिया ने बताया कि राम नवमी के अवसर पर महामाया मंदिर में प्रतिवर्ष भंडारा प्रसाद का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष लगभग 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, मंजू सिंह, अनिल सिंह सिसोदिया,नंद चौधरी, रविंद्र साहू, दीपक बगड़िया,विजय केडिया, रतन अग्रवाल,जुगल लिखमानिया,राजू शर्मा,नवल केडिया ,रविंद्र सिंह बैस ,विष्णु भोजासिया, मदन सिंह बैस, भोजराज शर्मा , गगन सिंघानिया, दीपक सिंघानिया,प्रभात बगड़िया,अमित शर्मा ,आर के पांडे ,आरके विश्वकर्मा, सुशील गुप्ता, राजेश अग्रवाल, भोलू अग्रवाल, गब्बर केडिया एवं नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मठ मंदिर पुरानी बस्ती में आयोजित कार्यक्रम में संजय सिंह सिसोदिया, आदित्य सिंह दीपेंद्र सिंह, अंकित सिंह सिसोदिया, वेदांत सिंह एवं नगर वासी उपस्थित थे। इसी प्रकार शास्त्री चौक में नवयुवक दूर्गोत्सव समिति के द्वारा प्रसाद एवं शरबत वितरण किया गया। कार्यक्रम में नरेश हरगुनानी, साकेत द्विवेदी, बजरंग कमानिया,विनोद द्विवेदी , महेश हरगुनानी, अमित सब्बरवाल, मन्नी माधवानी, नारू माधवानी,मनीष हरगुनानी, राहुल माधवानी एवं नगर वासी उपस्थित थे।



### केसीसी एवं मुद्रा ऋण का लाभ पात्र हितग्राहियों को मिले : रावटे

**जांजगीर-चांपा।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी गोकुल कुमार रावटे की अध्यक्षता में जिला स्तरीय परामर्शदात्री एवं पुनर्विक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रिजर्व बैंक के अधिकारी, लीड बैंक अधिकारी, नाबार्ड, संबंधित विभागों के जिला अधिकारी सहित जिले के विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबंधक उपस्थित थे। जिला पंचायत सीईओ श्री रावटे ने जिले में प्रशिक्षण प्राप्त बैंक सखियों को आई.डी प्रदान करने, जिन जगहों में बैंक शाखा खोला जाना प्रस्तावित है उस पर तत्काल कार्यवाही करने के निर्देश संबधित बैंको को दिए। उन्होंने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह एवं स्वयंसिद्धा योजना के लम्बित प्रकरणों को समय सीमा में निराकृत करते हुए संबधित समूह के खाता में राशि वितरित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही अन्य सभी शासकीय योजनाओं में शत प्रतिशत उपलब्धि हासिल करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि किसान क्रेडिट कार्ड के लंबित आवेदनो एवं मुद्रा ऋण, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना सहित जनकल्याणकारी योजनाओं में भी बैंकों को पात्रतानुसार अधिक से अधिक संख्या में लाभ हितग्राहियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए। जिला पंचायत सीईओ ने लंबित प्रकरणों को त्वरित निराकरण करने के करने के निर्देश दिए। बैठक में भारतीय रिजर्व बैंक के प्रतिनिधि श्री राउत द्वारा सभी बैंको को समस्त खाता के डिजिटलीकरण करने एवं बैंकिग धोखाधडी से बचाव हेतु जन जागरुकता तथा वित्तीय साक्षरता शिविरों के नियमित आयोजन करने के लिए सभी शाखा प्रबंधको को विशेष रुप से कहा गया एवं पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करने के सख्त निर्देश दिए गए।

## आंधी से धराशायी बिजली का खंभा, इलाके में अंधेरा

**घरघोड़ा।** जिले मे अचानक मौसम में हुए बदलाव और तेज अंधड़ व गर्जना के साथ हुई बारिश से ग्रामीण क्षेत्रों में कई पेड़ धरशायी हो गए साथ ही आधा दर्जन बिजली खंभा भी गिर गए, जिसके चलते पूरी रात बिजली व्यवस्था ठप रही, वहीं शहरी क्षेत्र में रात 12 बजे तक बिजली आती जाती रही, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

उल्लेखनीय है कि विगत 4-5 दिनों से जिले में नमीयुक्त हवा के आगमन से मौमस का मिजाज बदला हुआ था, जिसके चलते आसमान में बादल व ठंडी हवा के आगमन से अधिकतम तापमान में गिरावट आने से गर्मी से राहत मिली है, लेकिन गुरुवार शाम से जिले में अंधड़ के साथ बारिश शुरू हो गई, लेकिन रात होते तक घरघोड़ा धरमजयगढ़ क्षेत्र में तेज अंधड के साथ बारिश व वज्रपात भी शुरू हो गया, जिसके चलते पेड़ व डंगाल गिरने से कई जगह बिजली खंभा भी क्षतिग्रस्त हो गया थाए जिससे क्षेत्र के लोगों को पूरी रात अंधेरे में गुजारना पड़ा। वहीं रायगढ़ शहर के कई क्षेत्रों में भी रात 12 बजे तक बिजली आती-जाती रही, हालांकि शहर में ज्यादा समस्या नहीं होने के कारण बिजली विभाग द्वारा जल्दी ही सुधार कर लिया गया।



### घरघोड़ा व धरमजयगढ़ में ज्यादा समस्या

इस संबंध में विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि बीती रात आई आंधी बारिश के चलते जिले के घरघोड़ा और धरमजयगढ़ क्षेत्र में ज्यादा समस्या आई थी, ऐसे में घरघोड़ा के एसईसीएल क्षेत्र में तेज अंधड़ के चलते एक 33 केवी का पोल टूट गया था, साथ ही बरौद क्षेत्र में पांच पेड़ गिरे थे, साथ ही कई जगह डंगाल गिरने से बिजली तार क्षतिग्रस्त हो गया था, इसके अलावा टेंडा नवापारा में 11 केवी के तीन पोल टूट गए और कुडुमकेला में पांच पेड़ गिरने से इस क्षेत्र में बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो गई थी।

## प्रथम नगर आगमन पर सौरभ का जगह-जगह स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

पूर्व विधायक सौरभ सिंह अध्यक्ष छग खनिज निगम बनने के बाद प्रथम नगर आगमन पर उनके समर्थकों द्वारा करूमहू टोल प्लाजा के पास बड़ी संख्या में कार्यकर्ता अतिशबाजी, फूलमाला पहनाकर भव्य स्वागत किये। सैकड़ो की संख्या में चारपहिया वाहनों का काफिला उनके साथ रहा।

**खास बात**

- सैकड़ो की संख्या में चारपहिया वाहनों का काफिला रहा साथ में

नवनियुक्त अध्यक्ष सौरभ सिंह का रसेड़ा चौक, आल्हा पेट्रोल पंप, तरौद चौक मिनीमाता चौक, महाराणा प्रताप चौक,अग्रसेन चौक, अम्बेडकर चौक, आजाद चौक ,शास्त्री चौक एवं सब्जी मार्केट मे भव्य स्वागत किया गया इस दौरान उन्होंने मिनीमाता, महाराणा प्रताप, महाराज अग्रसेन, बाबा साहब भीमराव अंबेडकर, चंद्रशेखर आजाद ,लाल बहादुर शास्त्री एवं ठाकुर छेदीलाल बैरिस्टर की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की। नगर आगमन पर उनके द्वारा सर्वप्रथम सिद्ध महामाया मंदिर में माथा टेक कर पूजन अर्चन किया गया इसके बाद में बरगवां स्थित दक्षिण मुखी बजरंगबली मंदिर जाकर पूजन किया गया। दोपहर 3:00 बजे अपने निवास में उनके द्वारा कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, गुलाब सिंह चंदेल, रवि पांडे, अमर सुल्तानिया,जिला पंचायत अध्यक्ष सत्य लता मेरी जनपद पंचायत अध्यक्ष सुकून अघरिया,समीर शुक्ला, डॉ आशीष सिंह,आनंद प्रकाश मिरी ,देव सिंह अघरिया,राकेश शुक्ला, नरेश केडिया, कमलकेडिया, ईश्वर खंडेलिया,दीपक सिंघानिया, भोजराज शर्मा, सुमित सिंह चंदेल, शिशिर धर दीवान, संजय दुबे, रमेश पालीवाल, सोनू होंडा ,शिवकुमार तिवारी,सुबोध थवाईत, पुरुषोत्तम नामदेव, दिनेश दास, पिंटू बरेठ,पवन यादव एवं कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



प्रथम नगर आगमन पर सौरभ सिंह का स्वागत करते कार्यकर्ता।

## भारी वाहनों के चलने से सड़क जर्जर, धूल से राहगीर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहेराडीह

सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग पर ग्रामीणों के बार-बार शिकायत करने के बाद भी भारी वाहनों के परिचालन बंद नहीं किया गया। भारी वाहनों के दबाव से सड़क मार्ग उखड़ने लगी है। साथ ही फैक्ट्री के वाहनों से पिसी हुई कोयला का पावडर सड़क मार्ग पर बिखर रही है। हवा के साथ उड़ने से राहगीरों की परेशानी बढ़ गई है।

चाम्पा शहर से लगे सिवनी सुखरीकला मार्ग पर सिवनी समेत बालपुर, उमरेली,नवापारा, अमलडीहा, सुखरीकला, सुखरीखुर्द, बहेराडीह, जाटा, कमरीद, कोसमन्दा, बघौदा, देवरी, अमरुआ आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीणों का प्रतिदिन आवागमन होता है। वहीं दूसरी तरफ बहेराडीह में स्थापित फैक्ट्री का भारी वाहन दिन रात चलने से सड़क मार्ग की हालत बद से बदतर हो गई है। फैक्ट्री के गाड़ी में पिसी हुई कोयला का पॉवडर सड़क पर बिखर रही है जो हवा के साथ उड़ रही है। इससे राहगीरों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। परेशान ग्रामीणों और केंद्रीय श्रमिक संगठन के जिलाध्यक्ष चूड़ामणि राठौर ने इस मामले की लिखित रूप में शिकायत कलेक्टर समेत कमिश्नर,श्रम मंत्री व उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय,राज्यपाल, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, व राष्ट्रपति से किया है। उसके बाद भी सिवनी सुखरीकला सड़क मार्ग पर भारी वाहनों पर प्रतिबंध नहीं हुई। इसस शासन प्रशासन के प्रति ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है।



जर्जर सड़क से होकर जाते वाहन चालक।

## नगर पंचायत अड़भार को मिला ए ग्रेड प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अड़भार-मालखरौदा

मालखरौदा अनु विभाग अंतर्गत आने वाले नगर पंचायत अड़भार ने छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा संचालित निदान में श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निदान की दिशा में सक्रिय पहल के चलते पूरे प्रदेश में ए ग्रेड का दर्जा हासिल किया है, प्रदेश भर की नगर पंचायतो में इक्का-दुक्का नगर पंचायत को ही निदान में ए ग्रेड मिला है, तथा विगत वर्षों में भी नगर पंचायत प्रशासन ने अपनी सक्रियता सजगता एवं जिम्मेदारियो के निर्वहन में आगे बढ़ते हुए ऐसा गौरव हासिल किया है, तथा फिर से नगर पंचायत को मिले इस ए ग्रेड के दर्जे से नगर पंचायत के अधिकारी-कर्मचारी भी उत्साहित है।

नगर पंचायत के मुख्य नगर पालिका अधिकारी आनंद कुमार राय, नगर पंचायत के उपयंत्री मुजफ्फर हुसैन, सफाई दरोगा विकास देवांगन एवं नगर पंचायत के सभी कर्मचारियों के सहयोग से ही यह संभव हो सका है, कि निदान में आने वाली आम जनता की समस्याओं के त्वरित निराकरण की दिशा में कैसे सक्रिय पहल की गई, जिसके चलते आज नगर पंचायत को यह गौरव हासिल हुआ है, तथा निदान 1100 में कोई भी नागरिक स्वच्छता संबंधी एवम अन्य समस्याओं के लिए टोल फ्री नंबर डायल कर सकता है एवं इस समस्याओं के निराकरण के लिए नगर पंचायत के स्वच्छता मित्रों का भी अहम योगदान रहा है जो उन्होंने 24 घंटे स्वच्छ शहर बनाने की दिशा में अपना योगदान दिया नगर पंचायत अड़भार अध्यक्ष कृष्णा रात्रे स्वच्छता में अड़भार नगर पंचायत को ए ग्रेड मिलने पर इसके लिए नगर के जागरूक जनता तथा स्वच्छता कर्मचारी बधाई के पात्र हैं जिन्होंने डायल 1100 का उपयोग किया तथा इसका त्वरित निदान सफाई कर्मियों द्वारा किया गया




15 दिनों के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर उग्र आंदोलन करने दी चेतावनी

## रिश्वत मांगने वाले बाबूओं के विरुद्ध कार्रवाई सहित अन्य मांगों को लेकर ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन द्वारा फॉर्म 16 दिए जाने के आवाज में शिक्षक से रिश्वत की मांग करने वाले बाबू के विरुद्ध करवाई की मांग सहित अन्य मांगों को लेकर विकासखंड शिक्षा अधिकारी रतन माला सिंह को ज्ञापन सौंपा गया है।

फेडरेशन के जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर ने बताया कि छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के द्वारा पूर्व में ही ग्रीष्मकालीन अवकाश में कार्य करने वाले शिक्षकों का अर्जित अवकाश चढ़ाने के लिए आदेश जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से निकलवाया जा चुका है, फिर भी उसका परिपालन विकासखंड कार्यालय शिक्षा अधिकारी द्वारा अभी तक नहीं किया गया है, साथ ही साथ विकासखंड कार्यालय में प्रधान पाठक पदोन्नति के समय से लंबित प्रधान पाठकों की एरियस राशि का अभी तक भुगतान नहीं किया गया है, जबकि पूर्व में भी इस संबंध में ज्ञापन दिया जा चुका है। साथ ही साथ प्रत्येक शिक्षकों के जीपीएफ पासबुक का संधारण भी नहीं किया गया है। इन सबके अलावा सबसे महत्वपूर्ण सहायक शिक्षक उपेंद्र कुमार धीवर ने संगठन को शिकायत पत्र दिया था कि यहां कार्यालय में उनको यहां के लेखपाल भुवन सिदार एवं कंप्यूटर ऑपरेटर देवेंद्र देवांगन द्वारा फॉर्म 16 के लिए राशि मांगा गया, एवं राशि नहीं देने पर अनुचित व्यवहार किया गया, एवं फॉर्म 16 नहीं दिया गया। विकासखंड कार्यालय में पदस्थ लेखपाल भुवन सिदार द्वारा भ्रष्टाचार की शिकायत बहुत सारे शिक्षकों ने संगठन के पास किया है। जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर के द्वारा विकासखंड शिक्षा अधिकारी से रिश्वत मांगने वाले बाबू के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। 15 दिनो के भीतर कार्रवाई नहीं होने पर फेडरेशन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। ज्ञापन सौंपने वालों में जिला अध्यक्ष रविंद्र राठौर कार्यकारी जिला अध्यक्ष हरीश गोपाल सचिव दिनेश तिवारी जिला प्रवक्ता देवेंद्र तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष कृष्ण कुमार यादव , रमाकांत परौहा, उपेंद्र धीवर,अमित धीरही, प्रेम सिंह आदि उपस्थित थे।




ज्ञापन सौंपते सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के पदाधिकारी।

